भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †37
सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन

†37. श्री विजय कुमार दूबे:
श्रीमती अपराजिता सारंगी:
श्री सुरेश कुमार कश्यप:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेषकर हिमाचल प्रदेश राज्य और शिमला निर्वाचन क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा अपनाई गई विपणन और प्रसारात्मक रणनीतियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) यात्रा के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में वर्तमान मूल्य-संरचना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय, भारत की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने और हिमाचल प्रदेश राज्य सहित, देश में पर्यटन का संवर्धन करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण और संभावित पर्यटक सृजक बाजारों में विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है। इन प्रचार कार्यकलापों का विवरण निम्नानुसार है:

i. अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मेलों और प्रदर्शनियों, जैसे वर्ल्ड ट्रेवल मार्केट (डब्ल्यूटीएम) लंदन, फेरिया इंटरनेशनल डी टूरिज्मो (फिटूर) मैड्रिड, इंटरनेशनल ट्रेवल एण्ड हॉस्पिटेलिटी शो (एमआईटीटी) मॉस्को, एशिया पैसिफिक इंसेंटिव्स एंड मीटिंग्स इवेंट (एआईएमई) सिडनी, इंटरनेशनल टूरिज्मसबोर्स (आईटीबी) बर्लिन, अरेबियन ट्रेवल मार्केट (एटीएम) दुबई, इंटरनेशनल मीटिंग एक्सचेंज (आईएमईएक्स) फ्रैंकफर्ट, इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रेवल मार्केट (आईएफटीएम) टॉप रेसा पेरिस, जापान एक्सपो, इंटरनेशनल टूरिज्मसबोर्स एशिया (आईटीबी एशिया), सिंगापुर आदि में भागीदारी।

ii. मंत्रालय द्वारा एक बड़े भारतीय डायस्पोरा को अतुल्य भारत का दूत बनने के लिए प्रोत्साहित करने और हर वर्ष अपने पांच गैर-भारतीय मित्रों को भारत आने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'चलो इंडिया' पहल शुरू की गई है।

iii. प्रवासी भारतीयों के पंजीकरण के लिए 'चलो इंडिया' पोर्टल भी तैयार किया गया है। इसके अलावा, रेफरल कार्यक्रम के तहत भारत आने वाले एक लाख विदेशी पर्यटकों के लिए नि:शुल्क ई-वीजा की घोषणा की गई थी।

iv. पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 27 सितंबर, 2024 को नवीकृत अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल (www.incredibleindia.gov.in) पर अतुल्य भारत कंटेंट हब लॉन्च किया है। अतुल्य भारत कंटेंट हब उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का एक व्यापक डिजिटल भंडार है, जिसे दुनिया भर में उद्योग के हितधारकों (ट्रेवल मीडिया, टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट) द्वारा आसानी से देखा जा सकता है और जो सभी विपणन और प्रचार संबंधी प्रयासों में अतुल्य भारत के संवर्धन के लिए आवश्यक है। यह नवीकृत अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल एक पर्यटक-केंद्रित, वन-स्टॉप डिजिटल समाधान है, जिसे भारत आने वाले अतिथियों के लिए उनके यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने हेतु डिज़ाइन किया गया है।

v. मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के अंतर्गत देश की यात्रा करने के लिए मीडिया हस्तियों, टूर ऑपरेटरों और विचारकों को आमंत्रित करना।

vi. विदेशों में ये संवर्धन कार्य राज्य सरकारों और 20 चिह्नित भारतीय मिशनों सहित प्रवासी भारतीय मिशनों के सहयोग से किए जा रहे हैं।

(ख): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटन संबंधी हितधारकों द्वारा वसूल की जाने वाली दरों की रूपरेखा के संबंध में निर्णय लेने वाला विनियामक प्राधिकरण नहीं है।

*****